यूपी के कौशाम्बी में नकली करेंसी का कारोबार शुरू,पेट्रोल पंप पर मिली ₹100 की एक ही नम्बर की 04 नोट

यूपी के कौशाम्बी जिले में नकली करेंसी नोटों का कारोबार फिर से शुरू हो गया है,नकली नोटों के कारोबारी जिले के दुकानदारों व पेट्रोल पम्प संचालकों से नकली नोट से खरीददारी करना शुरू कर दिए हैं।सौ सौ रूपया की एक ही नंबर की 04 नोट मिलने से हड़कंप मच गया है।

ताजा मामला करारी थाना क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पंप का है, बाइक सवार युवक ने एक ही नंबर की 04 कंप्यूटर प्रिंट नोट देकर चार सौ रुपये का चूना सेल्समैन को लगाकर चंपत हो गया,सेल्समैन ने जब रुपया कैशियर को जमा किया तो मामले का खुलासा हुआ।

करारी थाना क्षेत्र स्थित पेट्रोल पम्प पर अजय सिंह सेल्समैन का काम करता है, मंगलवार को एक पल्सर बाइक सवार युवक पेट्रोल पंप पर पहुंचा, बताते हैं कि उसने पेट्रोल भरवाते समय सौ-सौ की नई नोटों की कई गड्डियां सेल्समैन को दिखाया, उसने चार सौ रुपये का पेट्रोल बाइक में भरवाया और गड्डी से चार नोट निकालकर देते हुए चला गया।

पेट्रोल पंप मालिक अखिलेश सिंह के पास करेंसी नोट जमा होने के लिए पहुंची तो उन्होंने नोटों को गौर से देखा तो पता चला कि चारों नोट नकली हैं। सेल्समैन से जब उन्होंने पूछा तो इसकी सारी जानकारी उसने दी।पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी फुटेज से बाइक की शिनाख्त की गई है,पेट्रोल पंप मालिक ने बाइक नंबर के आधार पर पुलिस में इसकी शिकायत की है।

Source: https://circlesamachar.com/breaking-1045/kaushambi/ashok-kesarwani/